समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बाद अलर्ट पर भारत- 27 एयरपोर्ट्स 10 मई तक के लिए बंद, देखे बंद हुए हवाई अड्डों की पूरी लिस्ट।

Publisher

Published on 08 May 2025



**पाकिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्रों मे तंनाव को ध्यान मे रंखते हुए देश के 27 एयरपोर्ट्स शनिवार, 10 मई तक के लिए बंद कर दिए गए है. फ्लाइट्स भी लगातार कैंसिल हो रहे है.**

‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए भारत अभी हाई अलर्ट पर है. एहतियात के तौर पर उत्तरी, पश्चिमी और मध्य भारत के कुल 27 हवाई अड्डों को शनिवार 10 मई को सुबह 5:29 बजे तक बंद कर दिया गया है. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में गुरुवार को यह जानकारी दी गई.

एयरस्पेस हुआ बिल्कुल खाली
एयरपोर्ट्स बंद रहने से एयर ट्रैफिक में भी भारी रूकावट आई है. भारतीय विमानन कंपनियों ने गुरुवार को 430 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी है, जो देश की कुल निर्धारित उड़ानों का लगभग 3 परसेंट है. पाकिस्तानी एयरलाइंस ने भी अपनी 147 से अधिक फ्लाइट्स कैंसिल कर दी है, जो वहां के डेली शेड्यूल्ड फ्लाइट का 17 परसेंट है.

ग्लोबल फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म Flightradar24 ने बताया कि पाकिस्तान के एयरस्पेस और कश्मीर से गुजरात तक भारत के वेस्टर्न कॉरिडोर फ्लाइट्स की आवाजाही न के बराबर थी. लाइव फ्लाइट पाथ डेटा और कैंसिलेशन के आंकड़े को शेयर करते हुए कहा, पाकिस्तानी एयरस्पेस और कश्मीर और गुजरात के बीच भारत के पश्चिमी हिस्से में एयर ट्रैफिक बिल्कुल भी नहीं था क्योंकि एयरलाइंस ने संवेदनशील क्षेत्र से दूरी बनाए रखी.

ये एयरपोर्ट्स किए गए बंद
प्रभावित भारतीय हवाई अड्डों में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, हलवारा, पठानकोट, भुंतर,

शिमला, गग्गल, धर्मशाला, किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, मुंद्रा, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, कांडला, केशोद, भुज, ग्वालियर और हिंडन शामिल हैं. मुख्य रूप से सैन्य चार्टरों के लिए उपयोग किए जाने वाले हवाई अड्डों को भी शटडाउन में शामिल किया गया है.

सेंसिटिव जोन से बच रहीं एयरलाइंस

सेंसिटिव जोन से बचने के लिए फ्लाइट्स या तो अपना रास्ता बदल रहे हैं या फिर उन्हें कैंसिल कर रहे हैं. बुधवार को करीब 250 उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई हैं. एयर इंडिया ने कहा कि अमृतसर जाने वाली उनकी दो इंटरनेशनल फ्लाइट्स को दिल्ली की ओर मोड़ना पड़ा. अमेरिकन एयरलाइंस ने भी अपनी दिल्ली-न्यूयॉर्क की उड़ान रद्द कर दी.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.